# गोरखपुर से पानीपत तक बनेगा नया एक्सप्रेस-वे

राम मनोहर त्रिपाठी

**गोरखपुर।** गोरखपुर से पानीपत तक नए एक्सप्रेस-वे की सौगात मिलने वाली है। करीब 750 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे गोरखपुर से शामली होते हुए हरियाणा के पानीपत तक जाएगा और 22 जिलों को जोड़ेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को पश्चिम से जोड़ने वाले इस नए एक्सप्रेस-वे की संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी है।

एनएचएआई ने गोरखपुर से पहले शामली तक एक्सप्रेस-वे की संभावना को तलाशना शुरू किया, लेकिन अब इसे बढ़ाकर पानीपत तक करने पर मंथन शुरू हो गया है। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी हो जाएगी। यह एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के 22 जिलों से होकर करीब 750 किमी लंबाई में बनेगा। यह यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे होगा।

**यूपी के 22 जिलों से होते हुए हरियाणा के पानीपत तक जाएगा यह एक्सप्रेस-वे**

वर्तमान में यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे है। इस एक्सप्रेस वे के निर्माण में जो लागत आएगी, प्रदेश और केंद्र सरकार मिलकर भुगतान करेंगी।

यह एक्सप्रेस वे गोरखपुर, संतकबीरनगर, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, हरदोई, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, संभल, बिजनौर, अमरोहा, सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, और शामली होते हुए पानीपत तक जाएगा।

अमर उ
विज्ञापन